AMAR UJALA, Delhi, 19.6.2023
Page No. 6, Size:(9.19)cms X (5.53)cms.

गेल के नए निदेशक (विपणन) बने संजय कुमार

नई दिल्ली। संजय कुमार ने गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (विपणन) के रूप में पदभार ग्रहण किया। अपनी नई भूमिका से पहले वे भारत की सबसे बड़ी सीएनजी वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक थे। आईआईटी खड़गपुर से मैकेनिकल इंजीनियर और एमबीए कुमार के पास प्राकृतिक गैस क्षेत्र में 35 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह वर्ष 1988 में गेल में शामिल हुए और अगले तीन दशकों में गैस मार्केटिंग, एलएनजी सोर्सिंग, ट्रेडिंग, शिपिंग, व्यवसाय विकास, गैस ट्रांसमिशन, परियोजना प्रबंधन और गैस पाइपलाइन संचालन और रखरखाव सहित डोमेन में विभिन्न भूमिकाओं में काम किया।